ओ३म्
कृण्वन्तो विश्वमार्यम्
साप्ताहिक
आर्य सन्देश
दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा का मुखपत्र

आर्य संदेश टीवी
www.AryaSandeshTV.com
आर्य समाज का 24 घण्टे चलने वाला टीवी चैनल

वर्ष 44, अंक 7 एक प्रति : 5 रुपये
सोमवार 4 जनवरी, 2021 से रविवार 10 जनवरी, 2021
विक्रमी सम्वत् 2077 सृष्टि सम्वत् 1960853121
दयानन्दाब्द : 197 वार्षिक शुल्क : 250 रुपये पृष्ठ 8
दूरभाष: 23360150 ई-मेल : aryasabha@yahoo.com
इंटरनेट पर पढ़ें - www.thearyasamaj.org/aryasandesh

अभी न जागे तो बहुत देर हो जाएगी - फेसबुक वैबिनार में सभा महामन्त्री श्री विनय आर्य जी का उद्बोधन

जय भीम-जय मीम का नारा एक अन्तर्राष्ट्रीय षड्यन्त्र

समाधान पर चिन्तन करना हम सबकी जिम्मेदारी

.... 3 जनवरी, 2021 राष्ट्र निर्माण पार्टी द्वारा आयोजित वैबिनार कार्यक्रम में दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री श्री विनय आर्य जी ने अपनी चिर-परिचत सरल-सहज शैली में राष्ट्र की वर्तमान स्थिति से मानव समाज को अवगत कराते हुए अपना विशिष्ट चिंतन उद्बोधन के रूप में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राष्ट्र निर्माण पार्टी के अध्यक्ष श्री आनंद कुमार जी, दानवीर वेदालंकार जी, श्री जयपाल जी, श्री सत्यानन्द आर्य जी, श्री मनोज जी तथा राष्ट्र निर्माण पार्टी के सैंकड़ों कार्यकर्त्ता और अनेक आर्यजन इस वैबिनार से जुड़े हुए थे।....

जय भीम, जय मीम का नारा आज एक अंतर्राष्ट्रीय षड्यन्त्र है लेकिन ये हमारी अपनी ही कमजोरी है। जिसका वे लाभ उठा रहे है। आज हमें अपनी कमजोरी को पहचानना है क्योंकि अगर हम कमजोर न होते तो हमें इस षड्यन्त्र का सामना नहीं करना पड़ता। हमने अपना दरवाजा चोरों के लिए खुला छोड़े रखा और हम इस गलतफहमी में रहे कि हमारे पास बहुत कुछ हैं। हमारे यहां कमी आने वाली नहीं है। चोर अगर चुराता है तो चुरा ले हमारा कुछ बिगड़ने वाला नहीं है। इस ऐतिहासिक तथ्य की पुष्टि के लिए हमारे यहां मंचों से अक्सर एक शेर बोला जाता रहा है-

यूनान, रोम मिस्र मिट गए जहां से,
बाकी बचा है जग में नामोनिशां हमारा।
कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी,
सदियों रहा है दुश्मन, दौर जहां हमारा।।

यह गौरवगान गाते हुए अगर हम गहराई से चिंतन करें तो यह स्पष्ट होता है कि हम मिटने वाले नहीं है; बल्कि मिट चुके हैं। हम अमेरिका, यूरोप, चीन, जापान, इंडोनेशिया, मलेशिया, अफगानिस्तान, इराक, ईरान, पाकिस्तान, कश्मीर, केरल इत्यादि से मिट चुके हैं। इसका सबसे बड़ा कारण हमारी कमजोरी है और वह कमजोरी और कुछ नहीं हिंदू समाज के वर्ग द्वारा वेदों का गलत अर्थ किया जाना ही इसकी जड़ है। क्योंकि उस समय ब्राह्मणों द्वारा अपने आपको शक्तिशाली सिद्ध करने के लिए, वैदिक ज्ञानधारा का गलत चिंतन, मनन और प्रस्तुतीकरण किया गया। क्योंकि इनके मन में यहीं इच्छा थी कि अन्य समस्त जातियों के ऊपर शासन करने के लिए उन्हें नीचा, अलग-थलग करना जरूरी समझा। इसके लिए इन्होंने वैदिक धर्म, संस्कृति, संस्कार और परंपराओं को मिटाकर अपने रसूख को, पद-प्रतिष्ठा को ऊंचा रखने के लिए नई मनगढ़ंत परंपराओं को जन्म दिया। उसी का परिणाम है कि आज हम इस भयंकर स्थिति में हम चिंतन कर रहे है क्योंकि उन लोगों ने इसी का लाभ उठाया और जितनी भी दलित-पिछड़ी जाति के हमारे भाई हैं उन्हें अपने साथ मिलाकर यह कहना आरंभ किया कि ये तो उन्हें अपना मानते ही नहीं हैं। यहां तो तुम्हारा मान-सम्मान, इज्जत कुछ है ही नहीं। इसलिए तुम हमारे साथ आ जाओ और उसी को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने नारा दिया **"जय भीम और जय मीम"** जय भीम का मतलब यहां महाभारत वाले भीम का नहीं है बल्कि भीम का अर्थ है भारत के संविधान निर्माता श्री भीम राव अंबेडकर जी और उनके साथ में मुसलमानों ने अपने आपको जोड़कर इस नारे के श्लोगन के रूप में खड़ा कर दिया।

इस षड्यन्त्र के तथ्यों को समझने के लिए आप भारत की कुल जनसंख्या को तीन हिस्सों में बांट दीजिए। पहली मुस्लिम, इसाई और कुछ अन्य लोग इनको लगभग 30 प्रतिशत समझिए। दूसरा और तीसरा हिस्सा 70 प्रतिशत समझिए जिसमें अगड़े और पिछड़े 35-35 प्रतिशत कुल योग 100 प्रतिशत हो गया। पिछड़े का मतलब है एस.सी, एस.टी. और अगड़े का मतलब आप समझते ही हैं, सुवर्ण जाति। राजनेताओं के लिए ये तीन हिस्से अपने आपमें महत्वपूर्ण हैं। आज लोकतंत्र का तकाजा है, अब राजतंत्र नहीं है। क्योंकि जंगल का राजा अब शेर नहीं होता। अब राजा वही होता है जिनकी जनसंख्या ज्यादा होती है। अगर गीदड़ों की जनसंख्या ज्यादा है तो गीदड़ ही राजा बनेगा। चूहों की जनसंख्या ज्यादा होगी तो चूहा ही राजा बनेगा। इसी परिस्थिति का लाभ उठाकर तीन धड़ों में से कोई दो धड़े मिलकर राजसत्ता पर काबिज हो सकते हैं। इसी की तैयारी के लिए एक बहुत बड़ा प्लेटफार्म तैयार किया गया। इसके लिए हर तरह की शक्ति जुटाई गई और जय भीम और जय मीम का नारा दिया गया। यह नारा पूरी तरह से राजनीतिक नारा है। इसमें कहीं पर भी धर्म की पुट दिखाई नहीं देती। इसका सीधा सा अर्थ है कि पहले जनसंख्या बढ़ाओ और धर्मान्तरण करो, मतान्तरण करो या विचारों का अन्तरण करो। लेकिन लक्ष्य एक ही

- शेष पृष्ठ 4 एवं 7 पर

सौंदीर्यकरण के नाम पर चांदनी चौक में हनुमान मंदिर तोड़े जाने की आर्य समाज द्वारा-घोर निंदा एवं भर्त्सना

आर्य समाज का सरकार से आग्रह-दोषियों पर उचित कार्यवाही के साथ सरकारी खर्चे से हो पुन: उसी स्थान पर मंदिर निर्माण

गत दिनों दिल्ली के चांदनी चौक में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर को तोड़े जाने की आर्य समाज के शीर्ष नेतृत्व सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा एवं आर्य केन्द्रीय सभा दिल्ली राज्य के पदाधिकारियों ने घोर निंदा और भर्त्सना करते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही एवं उसी स्थान पर मंदिर के पुन: निर्माण की मांग की। ज्ञात हो कि यह हनुमान मंदिर काफी पुराने समय से हिंदुओं की आस्था और निष्ठा का केंद्र रहा है। चांदनी चौक के सौंदर्यीकरण के नाम पर इसको तोड़ा जाना बड़े ही दुर्भाग्य की बात है। इसको लेकर हिंदुओं के कई धार्मिक संगठनों ने विरोध प्रदर्शन भी किया। जिसमें पुलिस के साथ तीखी नोक-झोक भी हुई। किंतु सबसे ज्यादा विचारणीय बात यह है कि भारत देश में हिंदुओं के मंदिर को तोड़ना और केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा

एक-दूसरे को आरोपी सिद्ध करना कहां तक उचित है? दिल्ली की शान कहे जाने वाले चांदनी चौक में यह मंदिर अपने आपमें अनुपम था। चांदनी चौक सर्वव्यापार मंडल के अध्यक्ष श्री संजय भार्गव ने अपने बयान में कहा कि चांदनी चौक के सौंदर्यीकरण का मामला दिल्ली हाई कोर्ट की निगरानी में चल रहा है। प्रशासन ने वर्ष 2014 में 5 धार्मिक स्थलों की पहचान की थी। 2016 में उनमें 3 हटाए गए और एक धार्मिक स्थल को प्रशासन द्वारा 3 जनवरी 2021 को सुबह हटाया गया। इस पर राज्य सरकार के प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तरी नगर निगम के आयुक्त ने कोर्ट में शपथ पत्र देकर धार्मिक स्थल तोड़ने की तारीक बताई थी। भाजपा शासित एम.सी.डी के उपायुक्त सतनाम सिंह ने कोर्ट में शपथ पत्र दायर कर कहा था कि त्यौहारों के चलते हम धार्मिक स्थल नहीं हटा पाए लेकिन अब उसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। जबकि भाजपा के सांसद मनोज तिवारी का कहना है कि इस घटना के पीछे गहरी साजिश है। जिसके तहत हजारों लोगों की भावनाओं को आहत करने और आस्था पर चोट करने का काम दिल्ली सरकार ने किया है। अतिक्रमण कर बनाए गए कई धर्म स्थलों को हटाने की सिफारिश के बीच इसी धार्मिक स्थल को क्यों निशाना बनाया गया? इस सब बयानबाजी और दिखावे की राजनीति से अलग आर्य समाज इस अमानवीय कृत्यके लिए चाहे जिम्मेदार कोई भी क्यों नहीं हो इसकी पुरजोर निंदा करता है। यह भारतीय संस्कृति, सभ्यता और संस्कारों के विपरीत कार्य है। अत: हम पुन: सरकार से यही आग्रह करते हैं कि उसी स्थान पर हनुमान मंदिर का निर्माण किया जाए और भविष्य के लिए यह सुनिश्चित किया जाए कि आगे से कोई भी ऐसी हिमाकत न करे।

सम्पादकीय

चीन द्वारा दलाई लामा बनाने की अजीबो-गरीब दास्तान

अब नकली दलाई लामा बनाने की तैयार में है चीन

अमेरिका ने तिब्बत में दलाई लामा चुनने की प्रक्रिया में चीनी सरकार की दखलदांजी का कड़ा विरोध किया है। तिब्बत में धार्मिक-आजादी के समर्थन में अमेरिकी संसद ने एक नया कानून पारित भी किया है। इस नए कानून में साफ तौर से कहा गया है कि जब बौद्ध धर्म का पालन भारत, नेपाल, भूटान और मंगोलिया जैसे देशों में भी किया जाता है तो पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चायना यानि पीआरसी की सरकार इसमें टांग क्यों अड़ाती है। हालांकि, इस बिल को इस साल की शुरुआत में अमेरिकी संसद में पेश किया गया था लेकिन अब इसे पारित किया गया।

तिब्बत में दलाई लामा बौद्ध धर्म के सबसे बड़े धर्मगुरु गुरु माने जाते हैं और एक पंरपरा के तहत उन्हें चुना जाता है। लेकिन तिब्बत पर कब्जे के बाद से चीन की कम्युनिस्ट सरकार अपनी मर्जी से पंचेन-लामा और दलाई लामा चुनने का दावा करती है। जबकि बौद्ध धर्म के अनुयायी दलाई लामा को एक रूपक की तरह देखते हैं। इन्हें करुणा के प्रतीक के रूप में देखा जाता है।

दूसरी तरफ इनके समर्थक अपने नेता के रूप में भी देखते हैं। इन्हें ओशन ऑफ विजडम भी कहा जाता है दलाई लामा को मुख्य रूप से शिक्षक के तौर पर देखा जाता है। तिब्बती बौद्ध धर्म के नेता दुनिया भर के सभी बौद्धों का मार्गदर्शन करते हैं। मसलन लामा को आप बौद्ध संत भी कह सकते हैं। अब सवाल है जब बुद्ध का जन्म यहाँ हुआ और उन्हें निर्वाण भी यही प्राप्त हुआ तो तिब्बत में उनके उत्तराधिकारी क्यों बनते हैं तो इसके पीछे भी एक दिलचस्प किस्सा है। बताया जाता है 1630 के दशक में तिब्बत के एकीकरण के वक्त से ही बौद्धों और तिब्बती नेतृत्व के बीच लड़ाई है। मांचु, मंगोल और ओइरात के गुटों में यहां सत्ता के लिए लड़ाई होती रही है। अंतत: पांचवें दलाई लामा तिब्बत को एक करने में कामयाब रहे थे। इसके साथ ही तिब्बत सांस्कृतिक रूप से संपन्न बनकर उभरा था। जेलग बौद्धों ने 14वें दलाई लामा को भी मान्यता दी, और 13वें दलाई लामा ने 1912 में तिब्बत को स्वतंत्र घोषित कर दिया था।

इसके करीब 40 सालों के बाद चीनी सेना ने तिब्बत पर आक्रमण किया। चीन का यह आक्रमण तब हुआ जब वहां 14वें दलाई लामा को चुनने की प्रक्रिया चल रही थी। तिब्बत को इस लड़ाई में हार का सामना करना पड़ा। कुछ सालों बाद तिब्बत के लोगों ने चीनी शासन के खिलाफ विद्रोह कर दिया। ये अपनी संप्रभुता की मांग करने लगे। हालांकि इसमें तिब्बतियों को सफलता नहीं मिली। अब इनके धर्मगुरु दलाई लामा को लगा कि वह बुरी तरह से चीनी चंगुल में फंस जाएंगे। इसी दौरान उन्होंने भारत का रुख किया। अब तक वह निर्वासन की ही जिंदगी जी रहे हैं। लेकिन अब वह काफी बुजुर्ग हो गये हैं, जीवन के अनेकों बसंत देख चुके तेनजिन ग्यात्सो यानि दलाई लामा के उत्तराधिकारी का चुनाव होना निश्चित है ताकि तिब्बतियों को अपना धर्म गुरु या तिब्बत की स्वतंत्रता का ध्वज वाहक मिल सके। लेकिन चीन क्यों दलाई लामा का चुनाव अपने तरीके से चाहता है। यदि कारण तलाश किया जाये तो निकलकर आता है कि वर्तमान दलाई लामा पिछले कई दशकों से तिब्बत को चीन से आजाद करने की मुहिम चला रहे हैं। अगर उत्तराधिकारी खुद दलाई लामा द्वारा चुना जाए तो वो भी आजाद तिब्बत के लिए मुहिम चलाएगा। चीन ये नहीं चाहता। यही वजह है कि वो अपनी ओर से किसी को दलाई लामा का वारिस बनाना चाहता है ताकि वो चीन के प्रभाव में रहे। इससे तिब्बत में आजादी की मुहिम कमजोर पड़ जाएगी।

वर्तमान दलाई लामा ने भारत ने तब शरण ली, जब वे सिर्फ 23 साल के थे, तब से वे हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में रह रहे हैं। इधर उन्हें पकड़ने में नाकामयाब चीन ने गुस्से में उनके उत्तराधिकारी पंचेन लामा को लगभग 25 साल पहले अगवा कर लिया। तब से पंचेन लामा की कोई खबर नहीं है। माना जा रहा है कि उन्हें चीन ने राजनैतिक बंदी बना रखा है। साल 1995 में गेधुन को 11वां पंचेन लामा के तौर पर पहचाना गया। यानी 6 साल का गेधुन तब तिबब्त में दलाई लामा के बाद दूसरा सबसे शक्तिशाली व्यक्ति हो गया। इसके 3 दिनों बाद ही गेधुन एकाएक लापता हो गया। तब से मानवाधिकार कार्यकर्ता गेधुन को सबसे कम उम्र का राजनैतिक बंदी बताते हुए उसकी रिहाई की पिछले 25 सालों से मांग करते रहे हैं।

हो सकता है गेधुन पंचेन लामा जीवित हो और ये भी हो सकता है कि वह जिन्दा ना हो इसी वजह से चाइना अब अपना नकली लामा खड़ा करना चाहता है क्योंकि तिब्बतियों में इसे लेकर एक बेहद रोचक मान्यता है। इनके मुताबिक, जब कभी एक दलाई लामा मरता है, तो वह एक नए रूप में दोबारा से धरती पर जन्म लेता है। इसके बाद धर्म अधिकारी उस बच्चे की खोज करते हैं और फिर उसे ही अगला दलाई लामा नियुक्त किया जाता है। लेकिन इसमें दलाई लामा को किस प्रकार खोजा जाता है ये भी काफी दिलचस्प किस्सा है, इसमें पहली बात तो ये है कि दलाई लामा को कोई चुनता नहीं बल्कि उन्हें खोजा जाता है। तिब्बतियन मान्यता के मुताबिक उनके दलाई लामा एक ही रहते हैं। बस समय के साथ-साथ उनका रूप बदलता रहता है क्योंकि दलाई लामा का चयन पुनर्जन्म की मान्यता पर अधारित है। इसलिए लामा की मृत्यु के बाद नए लामा की खोज का दायित्व गेलगुपा परंपरा के मुताबिक उच्च लामास और तिब्बत सरकार का रहता है। हालांकि, इस खोज में कई वर्ष लग जाते हैं।

बताया जाता है तिब्बत के वर्तमान 14वें दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो को खोजने में

......तिब्बत के वर्तमान 14वें दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो को खोजने में 4 वर्षों का समय लगा था। इस खोज की शुरुआत उच्च लामा को दिखने वाले दृश्यों व सपनों से होती है। इसके बाद ही आगे की खोज आरंभ की जाती है। एक और प्रथा के मुताबिक अगर पिछले दलाई लामा के मरने के बाद उन्हें जलाया जाता है, तो उनकी चिता से उठने वाले धुएं पर ध्यान दिया जाता है। उनके मुताबिक यह धुआं लामा के पुनर्जन्म का संकेत देता है। अपनी इस खोज प्रक्रिया के दौरान उच्च लामा अक्सर केंद्रीय तिब्बत की पवित्र नदी ला-तसो के पास जाकर ध्यान लगाते हैं। वहां पर ध्यान लगाते हुए वह, अगले संकेत का इंतजार करते हैं। कहते हैं कि इससे उन्हें आगे किस दिशा में बढ़ना है यह पता चलता है। नदी में इस प्रकार से ध्यान लगाने के पीछे तिब्बती लोगों की एक धारणा है। उसके मुताबिक इस पवित्र नदी की पवित्र आत्मा ने प्रथम दलाई लामा को वचन दिया था, कि उनके वंशज को ढूंढने में यह सदैव उनकी सहायता करेगी।......

4 वर्षों का समय लगा था। इस खोज की शुरुआत उच्च लामा को दिखने वाले दृश्यों व सपनों से होती है। इसके बाद ही आगे की खोज आरंभ की जाती है।

एक और प्रथा के मुताबिक अगर पिछले दलाई लामा के मरने के बाद उन्हें जलाया जाता है, तो उनकी चिता से उठने वाले धुएं पर ध्यान दिया जाता है। उनके मुताबिक यह धुआं लामा के पुनर्जन्म का संकेत देता है। अपनी इस खोज प्रक्रिया के दौरान उच्च लामा अक्सर केंद्रीय तिब्बत की पवित्र नदी ला-तसो के पास जाकर ध्यान लगाते हैं। वहां पर ध्यान लगाते हुए वह, अगले संकेत का इंतजार करते हैं। कहते हैं कि इससे उन्हें आगे किस दिशा में बढ़ना है यह पता चलता है। नदी में इस प्रकार से ध्यान लगाने के पीछे तिब्बती लोगों की एक धारणा है। उसके मुताबिक इस पवित्र नदी की पवित्र आत्मा ने प्रथम दलाई लामा को वचन दिया था, कि उनके वंशज को ढूंढने में यह सदैव उनकी सहायता करेगी।

इसलिए उस हर बार दलाई लामा को खोजने के लिए यहाँ पर आया जाता है। माना जाता है कि यहाँ आने के बाद ही दलाई लामा की खोज पूरी हो पाती है। इसके बाद मिले गए संकेतों के आधार पर ही, उस बच्चे को खोजा जाता है, जिसकी किस्मत में दलाई लामा बनना लिखा होता है। एक बार, जब उस बच्चे को खोज लिया जाता है, तो उसकी कई परीक्षाएं ली जाती हैं। यह इस बात को प्रमाणित करने के लिए होता है कि वही असली लामा वंशज है। इसके लिए उससे कुछ विशेष कार्य करवाए जाते हैं, उनके द्वारा देखा जाता है कि वह सही चयन है कि नहीं। इसके अलावा उससे कुछ खास चीजों की पहचान करवाई जाती है। यह सभी चीजें पिछले दलाई लामा से संबंधित होती हैं।

एक बार यह सब कार्य पूरे हो जाएं, तो फिर उच्च लामा धार्मिक आकलन पर बच्चे को आंकते हैं। सभी प्रमाण सिद्ध होने के बाद ही उसके बारे में सरकार को बताया जाता है। इसके बाद फिर लोगों को बच्चे से परिचित करवाया जाता है। आखिर में बच्चे को बौद्ध धर्म से जुड़ी जानकारी दी जाती है, ताकि वह आगे चलकर धर्म का नेतृत्व कर सकें। यानि एक दलाई लामा बनना इतना भी आसान नहीं है। सिर्फ किस्मत ही यह फैसला करती है कि कौन अगला दलाई लामा बनेगा। लेकिन शी जिनपिंग इन सब प्रक्रिया को किनारे कर अपना खुद का नकली दलाई लामा चाहता है जो उसके इशारे पर यह कह सके कि तिब्बत चीन का हिस्सा है। और तिब्बत की आजादी का सपना हमेशा के लिए दफन हो जाये। लेकिन अब दलाई लामा के चुनाव में अमेरिका भी एक बिल लेकर बीच में कूद पड़ा है इस कारण अब देखना होगा अगला दलाई लामा कौन तय करेगा, तिब्बती समुदाय या चाइना? लेकिन इससे पहले चाइना को दुनिया को यह बताना होगा कि पंचेन लामा गोधून कहाँ है?

– ***सम्पादक***

आर्य समाज से सोशल मीडिया पर जुड़ें
YouTube
Youtube Channel
@thearyasamaj
Subscribe
सब्सक्राइब करें
Facebook Page
@thearyasamaj
Like
लाइक करें
Twitter Handle
@thearyasamaj
Follow
फॉलो करें
Whatsapp Channel
9540045898
इस नम्बर को अपने मोबाइल में save करें और
अपना नाम व स्थान लिखकर भेजें

ज्ञानविज्ञानानामुत्सभूता वेदाः

- डॉ. जितेन्द्र कुमारः

आकरग्रन्थाः चत्वारो वेदाः। चतसृषु वेदसंहितासु विविध विषयाः प्रतिपादिताः। तस्मान्मनुस्मृतौ "सर्वज्ञानमयो हि सः" "सर्वं वेदात् प्रसिद्धयति" इत्येते आभाणके उपलभ्येते। यतो हि भारतीयपरम्परायां वेदा अपौरूषेयाः नित्याः सृष्टेरादिमाश्च। समग्रं वैदिकवाङ्मयं देवानां व्याख्यानभूतं वर्त्तते, वेदानाम् उपजीव्यत्वात्। अतो यावती ज्ञानविज्ञानधारा कृत्स्ने जगति दृग्गोचरी भवति सा वेदादेव निस्सृता प्रसूता च। एषा मान्यता सर्वैः वैदिकैर्विद्वद्भिश्च उररीक्रियते। अहमिह कानिचिद् विविध गणित चिकित्सा वनस्पति नौका विमान यज्ञयोगप्रभृति विज्ञानविषयान् दिग्दर्शन मात्रेण उपस्थापयितुमीहे। येन वयं ज्ञास्यामः यज्ज्ञानागारणि वेदाः तथा वेदेषु विज्ञानस्य मूलभूतबीजरूपाः संक्षिप्तसंकेताः यत्र-तत्र सम्यग्रूपेण समुपलब्धाः। यया - गणितस्य मूलाधारः गणना संख्या चास्ति। संख्यां प्रकटयितुं शून्यमतिशयसहायकम्। सुविज्ञातमिदं तथ्यं यत् शून्यस्य ज्ञानं सर्वप्रथमं भारतीयविदुषाम् ऋषीणां मनसि प्रादुर्बभूव। अस्य मूलसंकेताः अथर्ववेद संहितायां समुपलभ्यन्ते। यत्र विज्ञापितं यत् केन प्रकारेण शून्यप्रयोगेण संख्या दशगुणा सती एधते। यद्यपि एषु मन्त्रेषु शून्यस्य नामोल्लेखपूर्वकं वर्णनं नास्ति तथापि यस्मिन् क्रमे संख्यानामुल्लेखो दरीदृश्यते तेन शून्यस्य स्वतः स्थितिः सुरपष्टा विभाति। अस्मिन् मन्त्रे प्रस्तुता द्वि-द्वि संख्यायोगेन एकादशसंख्याया गुणोत्तरश्रेढी संवृत्ता।

एका च मे दश च मेऽपवक्तार ओषधे।
ऋतजात ऋतावरि ते मधुलाकरः।।

अथर्ववेद - (5.15.1)

द्वे च मे विंशतिश्च मे ..... ।,
तिस्रश्च मे त्रिंशच्च मे.....।,
चतस्रश्च मे चत्वारिंशच्च मे .....।,
पञ्च चं मे पञ्चाशच्च मे .....।।,
षट् च मे षष्टिश्च मे .....।,
सप्त च मे सप्ततिश्च मे ..... ।।,
अष्ट च मेऽशीतिश्च मे .....।,
नव च मे नवतिश्च मे .....।,
दश च मे शतं च मे .....।,
शतं च मे सहस्रं च मे .....।।

अथर्ववेद - (5.15.2-11)

इमा मेऽग्न इष्टका धेनवः सन्त्वेका च, दश च, शतं च, शतं च सहस्रं च, सहस्रं चायुतं चायुतं च नियुतं च नियुतं च ..... प्रयुतं चार्बुदं च न्यर्बुदं च समुद्रश्च मध्ये चान्तश्च परार्धश्चैता मे .....।। *यजुर्वेद - (17/2)*

यथा - एकादश, द्वाविंशतिः, त्रयस्त्रिंशद् इत्यादिः। वाजसनेयि संहितायामपि अंकानां स्थितिः मन्त्रदर्शित क्रमेण दशगुणा उत्तरोत्तरं वर्धते। इमाः संख्याः अङ्केषु लेखनेन एकं, (1) दश, (10) शतं, (100) सहस्रं, (1000) दशसहस्राणि, (10000) लक्षं, (100000) दशलक्षाणि, (1000000) कोटिः, (10000000) दशकोटयः (100000000) इत्यादिका महापरार्ध पर्य्यन्ता संख्या अष्टादशांकमिता जायते। यद्यपि कापि पुरातनी सभ्यता सहस्रतोऽधिकां सङ.ख्यां न विदाञ्चकार।

अधिकतरां संख्यां निर्मातुं केवलं नवाङ्कं पौनःपुन्येन लेखनीयं, राद्धान्तोऽयं संकेतेन निम्नमन्त्रांशे द्रष्टुं शक्नुमः। अत्र इन्द्रं सम्बोध्य उच्यते - " त्वं भीतः वज्रसदृशः नव (नवतिश्च सर्वतोऽधिकम्) नदीः उत्तीर्य आयाहि "।

एक नियमानुसारेण एकसंख्यायाः कियत्य एव शक्तयः स्युः किंवा एकसंख्यायाः गुणनफलमेकमेव भविष्यति। अथर्ववेदस्याधोलिखितमन्त्रः इमं नियमं ज्ञापयति। मन्त्रार्थः - "शक्तिरियं तस्मिन् प्राप्ता। सोऽयमेकः। एको बलवान्, एक एवाऽस्ति। अस्मिन् सर्वे देवाः एकबलवन्तः भवन्ति। अत्र प्रकारान्तरेण एकस्याः शक्तेः निर्देशः। देवताः विभिन्नसंख्यात्मक शक्तिरूपे ग्रहीतुं शक्नुमः। तासां शक्तीनाम् एकस्याः उपरि अपि तत् "एकमेव" अवतिष्ठते। संक्षेपतो गणितविज्ञानस्य मूलभूता संख्या वेदे समुपलभ्यते। कतिपयानां सिद्धान्तानाम् अपि सूक्ष्मरीत्या चर्चा विहिता वर्त्तते। नात्र कश्चित् सन्देहावसरः।

चिकित्साविज्ञानम्

धर्मार्थकाममोक्षाणामारोग्यमूलमुत्तमं यदुक्तं तत् सर्वथा समुपयुक्तम् यतो हि रोगरहितजना एव धार्मिकाणां लौकिकानां च कर्मणां सम्पादनाय क्षमन्ते। आरोग्यं प्रदातुं चायुर्वेद एव।

अथर्ववेदस्य सहस्राधिकानि सूक्तानि आयुर्वेदेन सम्पृक्तानि। अस्मिन् त्रिदोषवादः, देहे अग्नेः स्थितिः पाचनक्रिया, गात्रस्याङ्गप्रत्यङ्गानां नामानि, रोगाणां नामानि, कृमीणां विस्तृतवर्णनम्, कृमिघ्नानाम् औषधीनां निर्देशः, चिकित्साया नानाविधप्रकाराः, विष विज्ञानस्य विषयः, शल्य-शालाक्यः, यातुविद्या, रसायनम्, वाजीकरणम्, द्रव्यगुणानां वनस्पतीनाञ्चेति विषयाणां विशदं वर्णनं विहितम्।

अथर्ववेदस्य दशमकाण्डस्य द्वितीय सूक्तस्य एकादशे मन्त्रे शरीरे प्रवाहमानं रक्तधाराचक्रमपि वर्णयामास ऋषिः। मन्त्रस्य शब्दार्थो निम्नरूपेण विद्यते - "अस्मिन् काये केन ता 'आपः' निधाय स्थापिताः, याः शरीरे सर्वतः प्रसृताः, याः परितः प्रसृत्य हृदयापरपर्यायं सिन्धुं आयान्ति यान्ति च। रक्तसर्वस्वं यत् पुरुषस्य शरीरे ऊर्ध्वं सञ्चरत्, नीचैरपि प्रवाहमानम् अपि च शरीरे वामपार्श्वे वामेतरपार्श्वे च सञ्चरति।।

अत्र रक्ताय "आपः" इति पदं प्रयुक्तम्। आपः इति पदस्य मूलयौगिकार्थः प्रसृतः प्रसिद्धः। यतो हि रक्तं देहे सर्वत्र प्रवाहमानं भवति अतः तस्याभिधानं "आपः" इति अन्यर्थकम्। सिन्धुः शब्दस्यापि यौगिकाऽर्थोऽस्ति यं प्रति प्रवहमानो भूत्वा बहिर्गच्छेत्। शरीरस्य अशुद्धं रक्तं सर्वेभ्य अङ्गेभ्यः हृदि गच्छति शुद्धं भूत्वा च हृदः बहिः सर्वेषु अङ्गेषु गच्छति। अतो मन्त्रे हृदे सिन्धुः शब्दोऽपि सार्थकः। हृदयम् इति पदमपि स्वस्मिन् गर्भे स्वार्थं निदधाति। हरतीति हृ, ददाति इति द, यापयतीति य इति त्रिभिः धातुभिः सम्मिश्रणेन हृदयशब्दः निजार्यम् अभिव्यनक्ति। अशुद्धरक्तं परितः हरति नयति वा पुनश्च परिष्कृत्य ददाति अपरञ्च सर्वेष्वङ्गप्रत्यङ्गेषु यापयति प्रापयति इति हृदयम्। तत् एतानि त्रीणि कर्माणि अजस्रगत्या सर्वथा सर्वदा च सम्पादयति तस्मात् तस्याभिधानं हृदयं सार्थकम्।

अथर्ववेदे शल्यचिकित्साया उल्लेखोऽपि अवाप्यते। रोहिणीमौषधिं व्रणस्य, आघातरय, अस्थिभङ्गादीनां च चिकित्सां वदति मन्त्रः। इयं रोहिणी औषधिः मांसरोहिणी विद्यते। आयुर्वेदः इमाम् औषधिं क्षतादीनां पूरयित्रीं प्रतिपादयति। अथर्ववेदे मूत्रामयापहानस्य वर्णनम् उपलभ्यते। मूत्रं बहिः निस्सारयितुं नैके प्रकाराः वर्णिताः। मूत्ररोगं मूत्रकृच्छ्रं वा सौविघ्येन बहिः निस्सारयितुं लोहशलाकायाः बस्तियनत्रस्य वा (कैथेटर) प्रयोगो विहितः। यन्त्रमिदम् अद्यत्वे घर्षकादिकं (रबड़) निर्मितं प्राप्यते। अनेन मूत्रनालेन उपरि प्राप्ते सति अवरुद्धं मूत्रं बहिरागच्छति। विषयेऽस्मिन् आचार्यसायणेन व्याख्यातः एको मन्त्रः यत्र मूत्रवर्त्मनः विदीर्णकरणस्योल्लेखो लभ्यते। एवंविधो मन्त्रः - "हे मूत्र व्याधिपीड़ित! (ते) तव (मेहनम्) मिह्यति सिंचति अनेनेति मेहनं मूत्रनालः तत् (मेहनं प्रभिनद्मि) लोहशलाक्या मूत्रनिर्गमनार्थ विदारयामि। तत्र दृष्टान्तः (वर्त्र) वर्त्तते प्रवहति जलम् अत्रेति वर्त्तो मार्गः। ते (वेशन्त्या इव) विशन्ति तिष्ठन्ति आप इति वेशन्तः पल्वलम्। तत्र भवा आपो वेशन्त्याः। ता यथा सुनिर्गमनमार्ग विदारयन्ति तथेत्यर्थः। (एव) एवम् इत्थं निरुद्धमूत्रनिःसरणाय मार्गस्य कृतत्वात् (ते मूत्रं मुच्यताम्) तव शरीरान्तर्निरुद्धं मूत्रं (बाल्) अनुकरणशब्दोऽयम्। शब्दं कुर्वन् त्वरया निर्गच्छतु इत्यर्थः"।

वेदः शल्यक्रियायाः प्रयोगात्मकज्ञानाय ब्रूते- शरीरं भेत्तुं छेत्तुं चानेकविधानां स्थूलसूक्ष्माणां उपकरणानाम् आवश्यकता भवति। अतः सहस्रप्रकारकाणां फलकानां कठौरैः निशितैश्चोपकरणः स्कन्धाभ्यां शिरो भागं पृथक्कुरु इति निर्देशः। अथर्ववेदे कुशलचिकित्सक माध्यमेन निगदितं यत् - "ममायं हस्तोऽभिमर्शनयुतो सुभगः द्वितीयो हस्तश्च इतोऽप्यधिकं अतिशय भाग्ययुक्त ऋषितुल्यो वर्त्तते। हस्तोऽयं सुखकरः स्पृश्यो भवेत्"। अथर्ववेदस्यै कस्मिन् सूक्ते पाण्डुरोगम् अपाकर्त्तुं सायण प्रभृतिभाष्यकारैः व्याख्यानं समुपस्थापितम्।

वनस्पतिविज्ञानम्

वनस्पतिविज्ञानस्य मूलधारणाऽपि वेदे सूक्ष्मरीत्मा निगूढा वर्त्तते। वेदे वृक्षपादपानाम् आन्तरिकस्वरूपस्य प्रारम्भिकं रूपं समुपलभ्यते। संहितासु, ब्राह्मणेषु, उपनिषत्सु च वृक्षाणां पादपानां विविधाङ्गानां सुव्यक्तरूपेण नामोल्लेखो वर्णनञ्च समायाति। यथा - मूलम्, (Root) तूलम्, (Shoot) काण्डम्, (Stem) शाखा, (Branches) पर्णम्, (Leaves) पुष्पम्, (Flowers) फलानि (Fruits) च।।

बृहदारण्यकोपनिषदि वृक्षस्य तुलना मानवशरीरेण प्रदर्शिता। मनुष्यो बलवान् द्रुमसदृशो विद्यते। वृक्षमनुष्ययोः निम्नलिखितं वैशिष्ट्यं साम्यञ्च वर्त्तते।

मनुष्यः	वृक्षः
1. लोमानि	पर्णानि
2. त्वक्	बाह्यात्वक्
3. रुधिरम्	रसः
4. मांसम्	आन्तरिका त्वक्
5. स्नावम् (Nerves)	किनाटम् (Inner Fiber)
6. अस्थीनि	दारूणि
7. मज्जा (Marrow)	मज्जा (Pith)

(ख) महद् यक्षं भुवनस्य मध्ये, तपसि क्रान्तं सलिलस्य पृष्ठे। तस्मिन् क्रयन्ते य उ के देवाः। वृक्षस्य स्कन्धः परितः इव शाखाः। *द्रष्टव्यम् - ऋग्वेद - (1.32.5)*

ऋग्वेदे पुष्पैः सम्पन्नाः पादपाः कुसुमैः बिना च द्रुमाः फलैर्युताः फलरहिताश्च तरवः निखिलानि तृणानि तृणजातौ समायान्ति। अथर्ववेदे आकृतिम् अन्यानि वैशिष्ट्यानि चाधिश्रित्य तरुगुल्मलतादयः विभिन्नवर्गेषु विभक्ताः।

यथा - (1) प्रस्तृणती (Spreading Variety) (2) स्तम्बिनी (Bushy) (3) काण्डिनी (Jointed) (4) अमुष्मती (Rinch in shoots) (5) एक-शुङ्ग (Single Calyxed) (6) विशाखा (With Spreading Branches) (7) प्रतानवती (Extending) (8) जीवला (Lively) (9) नघारिषा (Harmless) (10) मधुमती (Richly Sweet)। केचन महीरुहाः वर्णदृष्ट्याप्यन्वर्थनामानः वर्त्तन्ते। यथा - बभुः, (Brown) शुक्रा, (White) रोहिणी, (Red) कृष्णा (Black) असिक्नी (Swarthy)।

स्वरूपाकृतेरुदाहरणमथर्ववेदे समुपलभ्यते तद्यया अपामार्गः विपरीत पत्रत्वात् पुनः सरणरूपे (प्रत्यावृत्ते) वर्णनं विधीयते। अरुन्धतीं हिरण्यवर्णा (सुवर्णयुता) लोमशवक्षणा (रोमशा) इत्युदीरिता। अथर्ववेदे वृक्षाणां नानावीर्य वत्वादिकं विशेषणं (नैकशक्ति सम्पन्नत्वम्) प्रतिपाद्यते। वृक्षविशेषणी भूताः ताः शक्तयः चिकित्सकीयगुणैः समवेताः स्युः। औषधिपदञ्च तेभ्यः पादपेभ्यः येषु रोगापहारिका शक्तिः अथवा एतादृश्येव अन्या काचित् अपरिमित शक्तिरूपा भवेत् यो मानवानां कल्याणाय कल्पेत इतो विपरीतं "वीरुध" शब्दः अन्येभ्यः लघुवनस्पतिभ्यः वर्त्तते। तैत्तिरीयसंहितायां[1] वीरुधपदस्य प्रयोगम् "औषधिना" साकं विधाय इदं प्रदर्श्यते यत् चिकित्सकीयगुणयुतापादपान् "औषधिः" चिकित्सकीयगुणरहितवृक्षान् च वीरुधान् ब्रुवन्ति। अतो वक्तुं शक्नुमः यत् भारतवर्षे वनस्पतिविज्ञानस्य बीजाङ्कराः वेदे प्रस्फुटिताः कालान्तरे च पल्लविताः पुष्पिताश्च भूत्वा वनस्पतिविज्ञानरूपे प्रतिफलिताः।

- शेष अगले अंक में

स्वास्थ्य रक्षा

रक्तचाप व हृदय रोग – लक्षण और उपाय

गतांक से आगे –

गर्मी के मौसम में अधिक पसीना आने के कारण शरीर में पानी व लवण की कमी हो जाना, दस्त के कारण शरीर में पानी व लवण तत्वों की कमी हो जाने से भी निम्न रक्तचाप हो जाता है।

उच्चरक्तचाप में लाभप्रद- छाछ पीने से लाभ पहुंचता है, तुरन्त लाभ के लिए आधा कप पानी में आधा नींबू निचोड़कर दिन में दो-तीन बार दो-दो घण्टे के अन्तराल में पीने से तुरन्त लाभ होता है।

निम्नरक्तचाप में लाभप्रद- एक कप पानी में किशमिश भिगो दें। 12 घण्टे भीगने के बाद प्रातःकाल एक-एक किशमिश को खूब चबा- चबाकर खाने से निम्नरक्तचाप में बहुत लाभ होता है। एक माह तक लगातार सेवन करने से पूर्णलाभ प्राप्त होता है।

हृदय रोग-हृदय रोग आज तेजी से फैलता जा रहा है। खान-पान की स्वच्छन्दता, भौतिकवाद की होड़ में तरह-तरह के मांसाहारी एवं गरिष्ठ पदार्थों के प्रति आकर्षण, शारीरिक श्रम की शून्यता, मानसिक तनाव आदि हृदय-रोग की वृद्धि के कारण हैं।



.....जब हृदय अपने पास इकट्ठे हुए रक्त को शरीर में भेजने के लिए सिकुड़ता है तो उस समय जो अधिकतम दबाव बनता है उसे सिस्टोलिक रक्तचाप या प्रकुंचन चाप कहते हैं। शरीर से वापिस लौटे इसी रक्त को ग्रहण करने के लिए जब हृदय ढ़ीला होता है तो उस समय जो प्रेशर बनता है उसे डायस्टोल्कि प्रेशर या अनुशिथिलन रक्त चाप कहते हैं। इन क्रियाओं के सन्तुलित दबाव को रक्तचाप कहते हैं। साधारणतया बच्चों का रक्तचाप 80/50, युवकों का 120/70 तथा प्रोढ़ों का 140/90 होना सामान्य माना जाता है। ....

हृदय की शिराएं जब अवरुद्ध हो जाती हैं तो हृदयघात की सम्भावना बन जाती हैं। अधिक चिकनाईयुक्त वसायुक्त भोजन खून में थक्के जमाता है तथा उसीका कुपरिणाम शिराएं अवरुद्ध होने के रूप में सामने आता है।

आधुनिक विज्ञान ने हृदय रोग के निदान के लिए बाईपास सर्जरी, पेसमेकर-जैसी अनेक अत्यन्त खीर्चीली सुविधाएं ईजाद की हैं, किंतु इनका उपयोग साधारण रोगी नहीं कर सकता है और यह भी तथ्य सामने आए हैं कि ऑपरेशन कराने वाले को जीवन भर अनेक अन्य बीमारियों का सामना भी करना पड़ता है।

घीया (लौकी) हृदय रोग में रामबाण औषधि सिद्ध हुआ है। अनेक हृदय रोगियों ने इसका उपयोग किया और रोग से छुटकारा पाया है, हृदय रोगियों के लिए इस अनुभूत प्रयोग की विधि इस प्रकार है-

घीया को छिलके सहित धोकर घीयाकश में कस लें। कसी हुई घीया को सिलबट्टे पर पीस लें। ग्राइंडर में डालकर भी उसका रस निकाला जा सकता है।

घीया को पीसते समय पोदीना के 5-6 पत्ते तथा तुलसी के 8 पत्ते उसमें डाल दें। फिर पिसे हुए घीया को कपड़ाछान करके उसका रस निकाल लें। उस रस की मात्रा 125-150 ग्राम होनी चाहिए। इसमें इतना ही सवच्छ जल मिलाएं। अब यह 250 से 300 ग्राम रस हो जाएगा। इस रस में चार काली मिर्च का चूर्ण तथा एक ग्राम सेंधा नमक मिला लें। अब इस रस को भोजन करने के आधा या पौन घंटे के पश्चात सुबह-दोपहर एवं रात्रि में तीन बार लें। प्रारम्भ में 3-4 दिन तक रस की मात्रा कम भी ली जा सकती है। रस हर बार ताजा लेना चाहिए। प्रारम्भ में यदि पेट कुछ गड़बड़ महसूस हो तो चिन्तित न हो। घीया का यह रस पेट में पल रहे विकारों को भी दूर कर देता है। तीन बार औषधि लेने में कठिनाई हो तो आधा-आधा किलो घीया इसी प्रकार सुबह-शाम लिया जा सकता है।

घीया पहले पांच दिन तक लगातार लेना होगा, फिर 25 दिन का अन्तराल देकर, पांच दिन तक लगातार लें। इस प्रकार कम-से-कम तीन महीने तक लेना होगा। उपचार के दौरान कोई भी खट्टी वस्तु न लें। न तो खट्टे फल, न टमाटर, न नींबू।

हृदयरोगियों को मांस, मदिरा, धूम्रपान आदि का पूरी तरह त्याग करना आवश्यक है। चार-पांच किलोमीटर टहलना भी जरूरी है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

है कि 30 प्रतिशत के साथ किसी तरह 70 प्रतिशत का आधा हिस्सा अपने साथ मिलाओ और राज करो। इसका अर्थ यही हुआ कि हिंदू समाज को अपनी कमजोरी का पूरी तरह से लाभ उठाने का नाम ही है जय भीम और जय मीम का नारा।

मैं एक बार अमृतसर में कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ। वहां पर एक 90 वर्ष के व्यक्ति द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन किया गया। जिस पुस्तक का विमोचन हुआ उस पुस्तक का नाम था "भारत और पाकिस्तान विभाजन" लेखक ने पुस्तक की विषयवस्तु के विषय में विस्तार से वर्णन किया कि इसमें मुस्लिमों की नीति, महात्मा गांधी, कांग्रेस की नीति और विभाजन के अनेक अन्य कारण मैंने बड़ी सावधानी से लिखे हैं। तभी वहां पर बैठे एक व्यक्ति ने कहा कि भाई इस पुस्तक में आपने परिश्रम खूब किया। लेकिन भारत के विभाजन का कारण जानने के लिए यह पुस्तक पढ़ना जरूरी नहीं है क्योंकि विभाजन का कारण एक ही था कि उनकी जनसंख्या वहां पर ज्यादा थी और हमारी कम थी इसीलिए विभाजन हो गया। वो वहां पर ताकतवर थे हम कमजोर थे। इसलिए बंटवारा हो गया। इसका अर्थ है कि हमारी कमजोरी ही इस जय भीम और जय मीम का जो षड्यन्त्र है वह कारण बन गई। हिंदुओं में प्रचलित जातिवाद को आप सब जानते हैं। यह जातिवाद की बीमारी को जबरदस्ती पैदा करवाया गया। हमारी पुस्तकों के भाव अर्थों को बदल कर, वेदों के गलत अर्थ करके, मनुस्मृति का गलत अनुवाद करवा करके ही कुछ तथाकथित ब्राह्मणों को अपने साथ मिलाकर इस तरह की भ्रान्तियां फैलाई गई कि दलित हमारे नहीं हैं। दलितों के साथ मिलकर के रहना, उनके साथ खड़ा होना धर्म की तौहीन है, धर्म भ्रष्ट हो जाएगा। सबसे बड़ा एक झूठा प्रचार यह भी किया गया कि हिंदुओं में जातिवाद है। हिंदू समाज एक-दूसरे के साथ खड़ा होना पंसद नहीं करता। हिंदू के मंदिरों में दलितों के घुसने पर पाबन्दी है जबकि मुस्लिमों के यहां पर इस तरह की कोई पाबन्दी नहीं है। यह सबसे बड़ा झूठ है इससे बड़ा झूठ और कुछ समाज में हो नहीं सकता।

इस भयंकर झूठ को आप एक उदाहरण से समझिए। एक अगड़ी जाति और एक पिछड़ी जाति के दो अच्छे मित्र थे। उनकी आपस में अच्छी दोस्ती थी। उन दोनों के बीच में एक तीसरे मुस्लिम व्यक्ति ने आकर अगड़ी जाति के महानुभाव को समझाया कि तुम बड़ी जाति के हो और तुम उसके साथ में बैठकर खाना खाते हो। तुम्हें शर्म नहीं आती? तुम्हारे को लेकर सारे लोग थू-थू करते हैं कि ऐसे नीची जाति के साथ में बैठकर के खाना खाते हैं। उस आदमी ने उस अगड़ी जाति के व्यक्ति के दिमाग में एक बीज बो दिया नफरत का। अगले दिन जब वह पिछड़ी जाति का व्यक्ति लंच टाईम में भोजन करने के लिए बैठा तो अगड़ी जाति के व्यक्ति ने कहा कि मैं थोड़ी देर में भोजन करूंगा। अत: आप कर लीजिए। अब मुस्लिम ने देखा कि उसके अंदर बीज अंकुरित हो गया है तो अगले दिन उस पिछड़ी जाति के व्यक्ति के पास जाकर के उसने कहा क्या बात है भाई, आज रोज की तरह उसके साथ बैठकर खाना नहीं खा रहे। आज उसने अपने साथ में खाना क्यों नहीं खिलाया? फिर वह कहने लगा कि मुझे पता है कि तुम पिछड़ी जाति के हो। इस बात का उसे पता चल गया है इसलिए उसने किनारा कर लिया है और इस तरह दोनों की जो मित्रता थी वो खत्म हो गई और कुछ दिनों के बाद ही उस मुस्लिम व्यक्ति ने उस पिछड़ी जाति के व्यक्ति को अपने साथ मिलाकर खाना शुरू कर दिया और रोजाना कभी अपने घर से खाना लाए और कभी उसके घर से खाना खाए। दोनों अच्छे मित्र बन गए। और उसने अपने षड्यन्त्र को यहीं पर समाप्त नहीं किया बल्कि फिर उस अगड़ी जाति वाले के पास जा करके कहा कि हमने तो सुना था कि अगड़ी जाति वाले पिछड़ी जाति वालों से परहेज करते हैं लेकिन अब तो उल्टा हो गया। पिछड़ी जाति वाले ही अगड़ी जाति वालों के साथ बैठना नहीं चाहते और इस तरह से उसने नफरत का इतना बड़ा बीज बो दिया और उस पिछड़ी जाति वाले को अपने साथ मिला लिया।

इन तीनों के बीच एक चौथे आदमी ने उस पिछड़ी जाति वाले आदमी से पूछा कि क्या बात है भाई आजकल शर्मा जी के साथ बैठकर भोजन नहीं करते? तो उसने बताया कि भाई क्या बताऊं जब शर्मा जी को पता लगा कि हम पिछड़ी जाति के हैं तो उन्होंने हमारे साथ खाना-पीना बंद कर दिया और ये बड़े महान हैं।

ये हमारे लिए खाने भी लाते है और हमारा खाना भी खाते है। हमारा झूठा खाने से भी परहेज नहीं करते। तब उस आदमी ने कहा कि भाई बात यह नहीं है, अगर हकीकत जानना चाहते हो तो एक दिन हमारे साथ चलो। तब पता चलेगा कि असली जातिवाद कहां पर है? वह उसे एक मस्जिद में लेकर गया और उसने कहा कि यहां अंदर जाकर जब कोई पूछे कि तुम कौन हो तो बताना कि मैं जमाती हूं। उस आदमी ने कहा कि जमाती मुसलमान नहीं होते? उसने कहा कि होते हैं लेकिन जरा जाकर कहकर तो देखो और जब वह अंदर गया तो उससे पूछा कि आप कौन है, कौन सी जात के हैं। इस आदमी ने आश्चर्य से कहा कि जमाती हूं तब उस आदमी ने कहा कि बाहर बोर्ड पर लिखा हुआ है कि जमातियों को यहां आना मना है। जब उसने बोर्ड पढ़ा तब उसकी आंखें खुल गई। बोर्ड पर साफ-साफ लिखा हुआ था कि यह मस्जिद सुन्नी मुस्लिम हजरत के मानने वालों की है। यहां पर देवबन्दी, जमाती, तबलिगी का आना सख्त मना है और अगर कोई यहां आएगा तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

हिंदुओं के मन्दिरों में कहीं पर भी ऐसा कोई बोर्ड क्या कभी किसी ने देखा है कि इस मन्दिर में दलित, आदिवासी, वनवासी या किसी भी जाति का प्रवेश वर्जित है। चाहे दलितों को मनाही हो, लेकिन लिखित में ऐसा बोर्ड कहीं दिखाई नहीं देता। मुस्लिमों के यहां पर शादियों में भी कार्ड पर स्पष्ट लिखा होता है कि इन मुस्लिम जातियों के लोग दावत में न आएं। उनके यहां कब्रिस्तान में भी खांस इनस्टेक्शन होती है। क्या इससे निकृष्ट जातिवाद के उदाहरण कहीं मिल सकते हैं। लेकिन इन बातों का इलेक्ट्रानिक और प्रिंट मीडिया में कहीं प्रचार नहीं हुआ और हिंदुओं का प्रचार होता रहा है कि हिंदू जातिवाद को मानते हैं। अगर मुस्लिम जातिवाद की बात समाज में पता चले तो साफ हो जाएगा कि असली जातिवाद कहां पर है?

- *शेष पृष्ठ 7 पर*

Benefits of Havan or Dev Yajna

Sh. Ramesh Gupta MD,
Formal President APSA

Vedic literature describes Yajnas for our material progress and for cleansing of the environment. The word 'Yajna'has very wide connotations. All creative activities are included in Yajna. Shatpath Brahaman states 'यज्ञोवैश्रेष्ठतं कर्म', which means doing Yajna is of supreme significance. Vedic literature defines Yajna as appropriate utilization and giving respect to devas such as the 5 elements of nature, company of holy souls and giving. We will briefly describe the five compulsory Yajna to be performed by every householder:

1. Brahma-Yajna, also called *Sandhya* (Meditation)

2. Deva-Yajna, also called *Havan* (Fumigation by Fire)

3. Pitri-Yajna (Serving the Elders)

4. Atithi-Yajna (Serving the Noble Guests)

5. Balivaishvadev-Yajna (Serving the Dependants)

